

अमित शाह ने..03

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जगमार्ग

नई सोच, नई पहल

www.jagmarg.com | वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, तृतीया तिथि, ज्येष्ठा नक्षत्र,चंद्रमा वृश्चिक राशि में, विक्रमी सम्वत 2081 | हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़ और दिल्ली से प्रसारित | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 3 रुपए | वर्ष:12 | अंक: 73 | कुरुक्षेत्र। शनिवार, 27 अप्रैल, 2024







## गीता सार



अध्याय-05

परंतु जिनका वह अज्ञान परमात्मा के तत्वज्ञान द्वारा नष्ट कर दिया गया है, उनका वह ज्ञान सूर्य के सदृश उस सच्चिदानन्दघन परमात्मा को प्रकाशित कर देता है।





## आईपीएल मैच

मुंबई इंडियंस — दिल्ली कैपिटल्स
शाम 3 .30 से

राजस्थान रॉयल्स — लखनऊ सुपर जाइंट्स
शाम 7 .30 से

## एक नजर

### अदालत ने सिसोदिया, अन्य की न्यायिक हिरासत आठ मई तक बढाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति से संबंधित धन शोधन मामले में शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया, सह-आरोपी विजय नायर और अन्य की न्यायिक हिरासत आठ मई तक बढ़ा दी। आरोपी व्यक्तियों को पूर्व की उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया।

### राजस्थान में सड़क हादसे में कार सवार चार महिलाओं सहित छह की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के अनूपगढ़ जिले में शुक्रवार को एक कार ट्रक के पीछे वाले हिस्से से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य महिला घायल हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (रायसिंह नगर) भंवरलाल ने बताया कि खोखरावाली और सलेमपुरा के बीच एक कार ट्रक के पीछे वाले हिस्से एक टकरा गई जिससे कार में सवार चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई।

# लोकसभा चुनाव: दूसरे चरण में 61 प्रतिशत से अधिक मतदान

## शांतिपूर्ण रहा मतदान, त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.53 प्रतिशत ने डाले वोट

मथुरा, बांसवाड़ा और परभणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने किया बहिष्कार



एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 संसदीय सीटों पर शुक्रवार को 61 प्रतिशत से ज्यादा मतदान दर्ज किया गया।

त्रिपुरा में सर्वाधिक 78.53 प्रतिशत ने वोट डाले। इस चरण में कांग्रेस नेता शशि थरूर, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, अभिनेता अरुण गोविल और फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी आदि प्रमुख उम्मीदवार हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा, राजस्थान के बांसवाड़ा और महाराष्ट्र के परभणी में कुछ गांवों के मतदाताओं ने विभिन्न मुद्दों को लेकर शुरुआत में मतदान का बहिष्कार किया, लेकिन बाद में अधिकारियों ने उन्हें वोट देने के लिए मना लिया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। कई राज्यों में भीषण गर्मी के बीच मतदान हुआ। इ निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। उसने कहा कि शाम सात बजे तक मतदान का अनुमानित आंकड़ा 60.96 प्रतिशत रहा जो सभी मतदान केंद्रों से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद बढ़ सकता है। मतदान के अंतिम समय में मतदान केंद्र पहुंचे मतदाताओं को बाद तक वोट डालने की अनुमति दी गई।

### मोदी बोले, मतदाता राजग का चाहते हैं सुशासन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतदान समाप्त होने के बाद 'एक्स' पर लिखा, ''दूसरा चरण बहुत अच्छा रहा। आज देशभर में मतदान करने वालों का आभार। राजग को मिला बेजोड़ समर्थन विपक्ष को और अधिक निराश करने जा रहा है।' मोदी ने लिखा, ''मतदाता राजग का सुशासन चाहते हैं। युवा और महिला मतदाता राजग को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।'

# ईवीएम में डाले सभी वोट का वीवीपैट पर्चियों से मिलान करने संबंधी याचिकाएं खारिज

मतदाताओं को वीवीपैट पर्चियां देना समस्या पैदा करेगा, अव्यावहारिक होगा : न्यायालय



एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि मतदाताओं को 'वीवीपैट' पर्चियां देना समस्या पैदा करेगा और यह अव्यावहारिक है तथा यह इसके दुरूपयोग किये जाने एवं विवादों को बढ़ावा देगा। न्यायालय ने सभी 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल' (वीवीपैट) पर्चियों की गिनती किये जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं खारिज करते हुए यह कहा। न्यायालय ने यह भी कहा कि 2019 से निर्वाचन आयोग ने केवल एक मामले को छोड़कर, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच मतदान केंद्रों पर पड़े वोट के 'वीवीपैट' पर्ची से मिलान नहीं हो पाने का एक भी मामला नहीं पाया है। शीर्ष अदालत ने वह याचिका भी खारिज कर दी, जिसमें मतदाताओं को वीवीपैट मशीन से निकली पर्ची का सत्यापन करने और फिर इसे गिनती के लिए मतपेटी में डालने का अधिकार प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

### विपक्षी गठबंधन को न्यायालय ने करारा तमाचा मारा: मोदी



**अररिया (बिहार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मतपत्रों से चुनाव कराने की मांग को उच्चतम न्यायालय द्वारा खारिज कर दिए जाने का जिक्र करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह कांग्रेस नीत गठबंधन 'इंडी' के लिए करारा तमाचा है। मोदी ने अररिया में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'राजद-कांग्रेस और 'इंडी' गठबंधन को न देश के संविधान और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वे लोग हैं जिन्होंने 10 साल तक मतपत्रों के बहाने गरीबों का अधिकार छीना... बिहार के लोग साक्षी हैं कैसे राजद-कांग्रेस के शासन में चुनाव में बूथ और मतपत्र लूट लिए जाते थे। इतना ही नहीं गरीबों को वोट डालने के लिए घर से बाहर भी निकलने नहीं दिया जाता था।'उन्होंने कहा कि देश के गरीबों और ईमानदार मतदाताओं को जब ईवीएम की ताकत मिली तो यह उन लोगों को बर्दाश्त नहीं हो रहा था जो चुनाव के दिन वोट लूटने का खेल खेलते थे।'प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर अपना प्रहार जारी रखते हुए कहा, 'उसके हर नेता ने ईवीएम को लेकर जनता के मन में संदेह पैदा करने का पाप किया है। लेकिन न्यायालय ने करीब दो घंटे पहले ही मत पेटियों को लूटने वालों और इसका इरादा रखने वालों को कैसा झटका दिया है।

# प्रधानमंत्री मोदी डरे हुए हैं, मंच पर आंसू भी बहा सकते हैं: राहुल गांधी

एजेंसी

कांग्रेस नेता ने आलोचना के लिए प्रधानमंत्री पर किया पलटवार



**विजयपुरा (कर्नाटक)।** कांग्रेस की आलोचना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पलटवार करते हुए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि 'वह (मोदी) डरे हुए हैं और मंच पर आंसू तक बहा सकते हैं।'

गांधी ने कांग्रेस शासित कर्नाटक के विजयपुरा जिला मुख्यालय में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, 'आपने प्रधानमंत्री के भाषण सुने हैं। वह डरे हुए हैं। हो सकता है कि वह मंच पर आंसू बहाने लगें।' प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी हालिया रैलियों में कांग्रेस को 'मंगलसूत्र', 'संपदा पुनर्वितरण' और 'विरासत कर' जैसे आरोपों से घेरने का प्रयास किया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी पर अनेक तरीके से जनता का ध्यान भटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''मोदी ध्यान भटकाने का प्रयास करते हैं। कभी वह चीन और पाकिस्तान की बात करते हैं, कभी वह आपसे थाली बजाने को कहेंगे और कभी आपके मोबाइल फोन पर टॉर्च लाइट जलाने को कहेंगे।'

# बारामूला में मुठभेड़, दो आतंकी ढेर और दो सैन्यकर्मी घायल

एजेंसी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच दूसरे दिन भी जारी मुठभेड़ के दौरान शुक्रवार को दो आतंकवादी मारे गए, जबकि दो सैन्यकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर में सोपोर इलाके के चेक मोहल्ला नौपोरा में बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी। उन्होंने बताया कि रात में शांति के बाद शुक्रवार को सुबह फिर से मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारियों ने बताया कि अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि गोलीबारी में घायल हुए सेना के दो जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ स्थल के पास बृहस्पतिवार को एक आम नागरिक भी घायल हो गया था।




## यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण शरण सिंह की याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने यौन उत्पीड़न मामले की आगे की जांच के अनुरोध संबंधी डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख एवं भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह की याचिका को खारिज कर दी। छह महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने याचिका को खारिज करते हुए मामले में सिंह के खिलाफ आरोप तय करने के बारे में आदेश के लिए सात मई की तिथि तय की।

## सीबीएसई 2025 से वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारी करे

एजेंसी

शिक्षा मंत्रालय ने व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा



**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से 2025-26 शैक्षणिक सत्र से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं आयोजित करने के संबंध में व्यवस्थागत तैयारी करने को कहा है। सूत्रों ने कहा कि सेमेस्टर प्रणाली शुरू करने की योजना को खारिज कर दिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय और सीबीएसई साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के लिए अगले महीने स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने बताया कि सीबीएसई वर्तमान में इस बात पर काम कर रहा है कि अकादमिक कैलेंडर को कैसे तैयार किया जाएगा।

## संदेशखालि में सीबीआई ने विदेशी तमंचे सहित छोटे हथियार जब्त किए

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी के दौरान विदेश निर्मित तमंचों सहित कई हथियार और गोला बारूद बरामद किये। अधिकारियों ने बताया कि तृणमूल कांग्रेस के नेता रहे शाहजहां शेख के समर्थकों द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला किए जाने की घटना के सिलसिले में यह छापेमारी की गई है। सीबीआई, बम निरोधक दस्ते, एनएसजी, केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों और पुलिस की टीमों ने छापेमारी की।





सूची

## कांग्रेस ने आठ सीटों पर उतारे उम्मीदवार, श्रुति चौधरी को नहीं मिला टिकट

# हुड्डा गुट की पसंद पर बंटे टिकट, एसआरके गुट की अनदेखी

सैलजा की भी सीट बदली सिरसा से बनाया उम्मीदवार

जगमार्ग ब्यूरो





**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने 8 सीटों पर उम्मीदवारों का ऐलान किया। गुड़गांव सीट पर पेंच फंसा हुआ है, जिससे कांग्रेस हाईकमान ने होल्ड पर रखा है। अहम पहलू यह है कि टिकट वितरण में हुड्डा गुट हावी रहा। 8 उम्मीदवारों में से 7 उम्मीदवार हुड्डा की पसंद के उतारे गए। यही नहीं एसआरके गुट की सिफारिश पर किसी को टिकट नहीं मिला। भिवानी-महेंद्रगढ़ से टिकट की सबसे बड़ी दावेदार श्रुति चौधरी की जगह महेंद्रगढ? से विधायक रावदान सिंह को टिकट दिया गया। कांग्रेस ने 8 सीटों पर उम्मीदवारों की देर रात्रि घोषणा की। उम्मीदवारों के नामों के ऐलान से एसआरके गुट को बड़ा झटका लगा। एसआरके गुट की सिफारिश को अनदेखा कर हाईकमान ने हुड्डा के पसंदीदा उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा। यही नहीं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा को अंबाला की बजाय सिरसा से चुनाव मैदान में उतारा गया। पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल का भिवानी गढ़ माना जाता है। भिवानी-महेंद्रगढ़ से बंसीलाल परिवार का सदस्य ही चुनाव लड़ता आ रहा है।

### गुड़गांव सीट पर फंसा है पेंच

गुड़गांव सीट पर अभी पेंच फंसा हुआ है, जिसके चलते हाईकमान ने इसे होल्ड पर रखा है। हुड्डा गुट की ओर से राज बब्बर को टिकट देने की पैरवी की जा रही है, वहीं पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव को लेकर पेंच फंसा हुआ है। बहरहाल, हाईकमान की ओर से तमाम समीकरणों को देखने के बाद ही गुड़गांव सीट के नाम का ऐलान किया जाएगा।

### कांग्रेस के उम्मीदवार

| | |
|---|---|
| अंबाला | वरूण चौधरी |
| करनाल | दिव्यांशु बुद्धिराजा |
| हिसार | जयप्रकाश-जेपी |
| सिरसा | कुमारी सैलजा |
| रोहतक | दीपेंद्र हुड्डा |
| भिवानी-महेंद्रगढ़ | राव दान सिंह |
| सोनीपत | सतपाल ब्रह्मचारी |
| फरीदाबाद | महेंद्र प्रताप |